हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 18 अप्रैल 2026

04 शराब दुकान बनी रणभूमिः बोतल-पत्थर से एक...



05 मेटरनिटी विंग से निजी अस्पतालों के लिए रेफर...




सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

## खबर संक्षेप

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को मिला बहुउपयोगी वाहन

**सीहोर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पूरे प्रदेश में बहुउपयोगी वाहन प्रदान किये गये है, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर को भी वाहन प्राप्त हुआ है। इस वाहन के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक साक्षरता कार्यक्रमों एवं विधिक सेवा गतिविधियों के संचालन में और अधिक गति एवं सुगमता प्राप्त होगी एवं विधिक सेवा योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक सरलता से संपादित किया जा सकेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वाहन के लिए 1 वाहन चालक तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 1 कार्यालय भृत्य की संविदा आधार पर नियुक्ती किए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी 30 अप्रैल शाम 5:30 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### पीएनजी विस्तार के लिए कैंप लगाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सीहोर।** खाद्य विभाग एवं सीजीडी कंपनियों द्वारा पीएनजी कनेक्शन के लिए पाइप नेटवर्क बिछाने, पीएनजी के नेटवर्क का विस्तार करने, पीएनजी के कनेक्शन हेतु उपभोक्ताओं को प्रेरित करने तथा पीएनजी के लाभ से अवगत करानें के लिए शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अैवध खनन व परिवहन के लिए बदनाम हो चुका जिला, खनिज विभाग की लापरवाही हो रही उजागर

# अवैध खनन में सीहोर प्रदेश में 'नंबर वन', माफिया ने छलनी किया नदी, तालाब और पहाड़ों का सीना

### एक साल में दर्ज हुए 426 केस, मुख्यालय के पास बरखेड़ी तालाब से निकाल ली 2000 डंपर मुरुम, काले पहाड़ का भी बदला स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राजधानी भोपाल के बेहद करीब स्थित सीहोर जिले में प्राकृतिक संपदा की खुलेआम लूट मची है। प्रशासन के तमाम दावों और सख्त निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए खनिज माफिया ने जिले की नदियों, तालाबों और पहाड़ों को अपना निशाना बना लिया है। हाल ही में जारी आंकड़ों ने इस भयावह स्थिति की पुष्टि कर दी है, जिसके मुताबिक अवैध उत्खनन के मामले में सीहोर जिला पूरे मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है।

बता दें जिले में अवैध उत्खनन का सबसे डरावना चेहरा जल स्त्रोतों और पहाड़ियों के साथ हो रही छेड़छाड़ में नजर आ रहा है। जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर स्थित बरखेड़ी तालाब इसका ताजा उदाहरण है। ग्रामीणों के अनुसार इस तालाब से अब तक करीब 2000 डंपर मुरुम निकाली जा चुकी है। इस अंधाधुंध खुदाई से तालाब का प्राकृतिक स्वरूप पूरी तरह बिगड़ चुका है, जिससे आने वाले समय में जल संकट गहराने की आशंका है।

यही हाल पहाड़ों का भी है। मुख्यालय के समीप स्थित काले पहाड़ पर माफिया का कब्जा है, जहां दिन-रात अवैध उत्खनन जारी है। माफिया न केवल पत्थरों का दोहन कर रहे हैं, बल्कि मुख्यालय के आसपास की अन्य पहाडिय़ों को भी काटकर समतल किया जा रहा है। यदि यही रफ्तार रही तो जिले का भौगोलिक नक्शा बदलने में देर नहीं लगेगी।





#### आंकड़ों में देखें माफिया राज

अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच की रिपोर्ट बताती है कि सीहोर अवैध उत्खनन का 'हब' बन चुका है। साल भर में जिले में 426 केस दर्ज किए गए और 1.94 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया। हालांकि जुर्माने के बावजूद माफिया के हौसले बुलंद हैं क्योंकि अवैध कारोबार से होने वाली कमाई इस जुर्माने से कहीं अधिक है।




#### नर्मदा की लहरों पर मशीनों का पहरा

रेत माफिया ने नर्मदा तटों को भी नहीं बख्शा है। वीआईपी जिले का तमगा होने के बावजूद नर्मदा के घाटों पर बड़ी-बड़ी मशीनों से रेत निकाली जा रही है। पर्यावरणप्रमियों का कहना है कि नदियों के किनारों और पहाड़ों के साथ हो रही यह छेड़छाड़ आने वाली पीढ़ी के लिए विनाशकारी साबित होगी।

#### शिवराज की 'पेन ड्राइव' वाली चेतावनी भी बेअसर

गौरतलब है कि जिले में बढ़ते अवैध उत्खनन को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री और क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान भी दिशा की बैठक में अपना गुस्सा जाहिर कर चुके हैं। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि अवैध उत्खनन में शामिल लोगों और उन्हें संरक्षण देने वाले अफसरों की पूरी कुंडली उनके पास 'पेन ड्राइव' में मौजूद है।

#### प्रदेश के टॉप.10 जिलों का रिपोर्ट कार्ड

- सीहोर : 426 केस, जुर्माना 1.94 करोड़
- छिंदवाड़ा : 410 केस, जुर्माना 1.67 करोड़
- ग्वालियर : 375 केस, जुर्माना 6 .98 करोड़
- नर्मदापुरम : 320 केस, जुर्माना 1.2 करोड़
- सिंगरौली : 284 केस जुर्माना 2 .04 करोड़
- बालाघाट : 278 केस, जुर्माना 1.17 करोड़
- छतरपुर : 271 केस, जुर्माना 0 .995 करोड़
- भिंड : 238 केस, जुर्माना 5 .15 करोड़
- नीमच : 231 केस, जुर्माना 1.78 करोड़
- बड़वानी : 230 केस, जुर्माना 1.33 करोड़

## पति को न्याय दिलाने के लिए एसपी आफिस के बाहर धरने पर बैठी पत्नी


### आत्महत्या के लिए उकसाने वाले ब्याजखोरों को गिरफ्तार करने की मांग

**सीहोर।** आरोपियों की नामजद शिकायत के बाद भी कोतवाली पुलिस ने ब्याजखोरों पर कोई कार्रवाई नहीं की। सूदखौरों की धमकियों और गुंडगर्दी से प्रतांड़ित महिला एसपी कार्यालय में शुक्रवार दोपहर में धरने पर बैठ गई। महिला ने बेनर पोस्टर तख्तियों पर आरोपियों के नाम लिखकर आक्रोश व्यक्त किया। महिला ने अपने पति को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले ब्याजखोरो को गिरफ्तार करने की मांग की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत ने पीड़िता से साहनुभूतिपूर्वक चर्चा की और आरोपियों के विरूध सख्त कार्रवाई कराने का भरोसा दिया। ब्याजखोरों के चुंगुल में फसकर आत्महत्या के लिए जहर खाने वाला महिला का पति भोपाल स्थित अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती है।

गंगा आश्रम निवासी ज्योति बैस पत्नि रूद्धप्रताप ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत को दिए शिकायती पत्र में बताया कि मेरे पति फाइनेंस कंपनी के एजेंट हैं जो लोगों को लोन दिलाने का कार्य करते हैं। आवश्यकता होने पर मेरे पति ने फारेस्ट कॉलोनी सीहोर निवासी अनिरूद्ध चौहान, ललित पारासर, वर्षा राठौर मीना राठौर से लगभग 10 लाख रुपए 2 से इ रुपए प्रतिशत ब्याज पर लिये थे। अचानक यह लोग 10 से 20 प्रतिशत ब्याज वसूलने लगे मेरे पति ने ब्याज के रूप में चार लाख रुपए से अधिक इन लोगों को दे दिए। ब्याज चुकाने में कार, नकदी, जेवर गहने एवं मेरा घर भी बिक गए। संपूर्ण राशि मनमाने ब्याज पर लौटाने के बावजूद भी इन ब्याजखोरों ने मेरे पति के चेक व स्टाम्प पेपर नहीं लौटाए। मेरे पति मानसिक रोग, शुगर और ब्लड प्रेशर पीड़ित हो गए। पति ने दो बार आत्महत्या करने का प्रयास किया। ब्याज का पैसा नहीं देने को लेकर अनिरूद्ध चौहान ने मेरे पति को मारापीटा जिस कारण उन्होने इ अप्रेल की रात में सुसाइड नोट लिखकर कीटनाशक पी लिया वह भोपाल अस्पताल में भर्ती हैं और जीवन व मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे हैं। ज्योति बैस ने बताया कि कोतवाली थाना पुलिस को आवेदन दिया है सबूत भी दिए है लेकिन आरोपियों को अबतक गिरफ्तार नहीं किया गया है।




## दो बाइकों की टक्कर, एक की मौतःदूसरा गंभीर घायल तेज रफ्तार के कारण हादसा



**सीहोर।** जिले के इछावर थाना क्षेत्र में बीती रात एक सड़क हादसा हुआ। दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना इछावर के सीताराम ढाबे के पास हुई। जानकारी के अनुसार, दो तेज रफ्तार बाइकें अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार रोहित की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

**दूसरे बाइक सवार की हालत गंभीर :** हादसे में दूसरा बाइक सवार ललित गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सीहोर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। सूचना मिलने पर इछावर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### एसबीआई बैंक के एसी कंप्रेसर में आग लगी

## धुआं निकलने के बाद लपटें उठीं स्टाफ ने बुझाया, कोई हताहत नहीं

**सीहोर।** इंग्लिशपुरा स्थित स्टेट बैंक में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया। बैंक के एयर कंडीशनर से अचानक धुआं निकलने लगा, जिसके बाद उसके कंप्रेसर में आग लग गई। बैंक स्टाफ की त्वरित कार्रवाई से बड़ा नुकसान होने से बच गया।

यह घटना उस समय हुई जब बैंक में सामान्य कामकाज चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहले एसी से धुआं निकला और फिर हल्की लपटें उठने लगीं। बैंक कर्मचारियों ने तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कर दी, जिससे आग फैलने से रुक गई।

शहर में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है और पारा 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। बताया जा रहा है कि बैंक का एसी कई दिनों से लगातार चल रहा था, जिससे उस पर अत्यधिक दबाव था।




#### ओवरहीटिंग मानी जा रही वजह

मशीनों में इस तरह आग लगने के कई तकनीकी कारण हो सकते हैं, जिनमें ओवरलोडिंग, रखरखाव की कमी या वोल्टेज में उतार-चढ़ाव शामिल हैं। लगातार घंटों तक चलने से कंप्रेसर का तापमान बढ़ सकता है, और समय पर सर्विसिंग न होने से धूल वेंटिलेशन को बाधित कर सकती है। गनीमत रही कि घटना के समय बैंक में मौजूद ग्राहकों और कर्मचारियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। बैंक स्टाफ की सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया ने एक संभावित बड़े हादसे को टाल दिया।

### 19 अप्रैल से सात दिवसीय श्रीराम कथा व मानस सम्मेलन का आयोजन

# 21 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ व प्राण-प्रतिष्ठा 24 को, 25 अप्रैल को होगा नगर भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बस स्टैंड स्थित श्री हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में रविवार से भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ महायज्ञ और प्राण-प्रतिष्ठ महोत्सव एवं श्रीराम कथा का शुभारंभ रविवार से आरंभ हो जाएगा।

शहर के बस स्टैंड के पास जयंती कालोनी में भव्य यज्ञशाला का निर्माण किया गया है। वहीं पर प्रतिदिन श्रीराम कथा दोपहर बारह बजे और रात्रि में राम लीला का मंचन किया जाएगा। इसके लिए श्री-श्री 108 यज्ञ संचालक पंडित दुर्गाप्रसाद के मार्गदर्शन में समिति के अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर, पंडित अनिल शास्त्री द्वारा यज्ञशाला की तैयारियां पूर्ण की गई है। अब रविवार को भव्य कलश यात्रा, पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश, जलाधिवास, राम रक्षा स्त्रोत एवं हनुमान चालीसा पाठ तथा मानस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

सभी यज्ञों में श्रीराम महायज्ञ सर्वश्रेष्ठ माना



श्रीश्री 108 पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे बाबा ने बताया कि महायज्ञ में 84 जोड़ों के बैठने की व्यवस्था की गई है। अब तक दो दर्जन से अधिक जोड़ों की सूची मिली है जो भी इस यज्ञ में बैठने का इच्छुक है, मंदिर समिति से संपर्क कर सकता है। 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ में आहुतियां दी जाएगी। रामायण में भी यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डाला गया है। भगवान राम का जन्म यज्ञ द्वारा हुआ। मां जानकी का विवाह एक विशाल यज्ञ द्वारा संपन्न हुआ। यज्ञ में देवी शक्ति बलवान होती है और असुरता का नाश होता है। रावण को जब अपनी हार दिखती है तो वह यज्ञ का ही सहारा लेता है और अपने पुत्र मेघनाद को तांत्रिक यज्ञ कर अजेय शक्ति प्राप्त करने का आदेश देता है। मगर दैवी इच्छा के कारण उसका यज्ञ पूर्ण नहीं हो पाता। भागवत में भी यज्ञ की महिमा बताई गई है। सभी यज्ञों में श्रीराम महायज्ञ सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इसके करने से धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष चारों पुरुषार्थो की प्राप्ति होती है। साथ ही मानसिक संतुष्टि व शारीरिक पुष्टि मिलती है। यह पुत्र-पौत्र आदि का सुख देने वाला और शौर्य प्रदान करने वाला यज्ञ है। इस यज्ञ के करने से खोया हुआ राज्य वापस मिल जाता है और निर्धन को धन मिलता है। यह शत्रुओं का विनाश करने वाला व परम शाति देने वाला यज्ञ है।

## भोपाल डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन के दो दिवसीय महासम्मेलन का शुभारंभ आज



**सीहोर।** भोपाल डिवीजन इश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन का दो दिवसीय महासम्मेलन सीहोर शहर में पहली बार होने जा रहा है। लुनिया चौराहा स्थित यशराज मैरिज गार्डन में शनिवार 18 से रविवार 19 अप्रैल तक आयोजित होगा। सम्मेलन का शुभारंभ एलआईसी कार्यालय से वाहन रैली से होगा। रैली एलआईसी से भोपालनाका इंग्लिशपुरा रोड कोतवाली चौराहा लीसा टाकिज चौराहा तहसील चौराहा से शकर फेक्ट्री रोड से होते हुए यशराज मैरिज गार्डन में आमसभा के साथ संपन्न होगी।

इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन के विजय कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन महासचिव सेंटर ऑफ़ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू)के प्रदेश महासचिव प्रमोद प्रधान के द्वारा किया जाएगा। महासम्मेलन के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय महासचिव श्रीकांत मिश्रा और ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मराज महापात्रा होंगे। सम्मेलन में एलआईसी के शेयर बेचे जाने, पुरानी पेंशन बाहल करने एलआईसी में नई भर्ती शुरू करने, बीमा में सौ प्रतिशत विदेशी निवेश के खिलाफ महांगाई के खिलाफ एवं युद्ध के खिलाफ शांति के लिए चर्चा होगी व निर्णय लेकर यूनियन की रणनीति तय की जाएगी।

यूनियन के अध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार दोपहर 2 बजे यशराज गार्डन के सभागार में पत्रकार वार्ता भी आयोजित की गई है जिसमें महासम्मेलन के मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता पत्रकारों के समक्ष विभिन्न मुद्दों को रखेंगे।

## खबर संक्षेप



### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा₹ के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर महिलाओं एवं छात्राओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक प्रदेशभर में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं ₹नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

### 25 को लगेगा स्वास्थ्य परीक्षण व विधिक साक्षरता शिविर

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सीहोर जिला जेल एवं भैरूंदा उप जेल में 25 अप्रैल को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के साथ बंदियो बंदियों को विधिक सहायता एवं सलाह प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही हेल्थ कार्ड भी प्रदान किया जाएगा।

### 30 अप्रैल तक चलेगा स्व-गणना का कार्य

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि 16 अप्रैल से प्रदेश में जनगणना का शुभारंभ हो गया है। यह सिर्फ आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं बल्कि हमारे देश के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य है। जनगणना देश के विकास की नींव है। इस बार की जनगणना डिजिटल और आधुनिक तकनीक के साथ हो रही है। उन्होंने कहा कि जिले के नागरिकों को इसमें पूर्ण निष्ठा और सत्यता के साथ भाग लेना चाहिये। प्रदेश में 16 से 30 अप्रैल तक ऑनलाइन स्व-गणना का कार्य हो रहा है। एक से 30 मई तक मकान सूचीकरण होगा। यह प्रक्रिया डिजिटल रूप से होगी। कलेक्टर बालागुरू के ने स्व-गणना पोर्टल पर स्वयं का प्रारंभिक पंजीकरण किया। कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि यह जनगणना हमारी अगली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि जनगणना में वह सही, सटीक और पूर्ण जानकारी दे। जनगणना में लगे अधिकारी-कर्मचारी राष्ट्र निर्माण का पवित्र कार्य कर रहे हैं। उनका परिश्रम और सटीकता से किया गया कार्य देश के भविष्य को मजबूत बनाएगा।

---

### मुख्य बाजार और हाइवे किनारे शराब दुकान होने से आए दिन होते है विवाद, आम और खास लोगों को होती है परेशानी

# शराब दुकान बनी रणभूमिः बोतल-पत्थर से एक दूसरे पर किया खूनी हमला, दो युवक गंभीर घायल

### मुख्य मार्ग पर खुलेआम शराबखोरी से बिगड़ता माहौल, नियमों की अनदेखी पर प्रशासन मौन-दुकान हटाने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर के व्यस्ततम मुख्य मार्ग पर संचालित देशी शराब दुकान गुरुवार शाम अचानक हिंसा का केंद्र बन गई। दोपहर करीब 3.30 बजे नशे में धुत चार युवकों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। कहासुनी के बाद एक युवक ने शराब की बोतल से दूसरे के सिर पर वार कर दिया। जवाब में दूसरे पक्ष के युवक ने पत्थर से हमला कर दिया। इस हमले में रोहित और अंकेश गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के दौरान संतोष कुमार सहित एक अन्य युवक भी शामिल था, जिसमें से संतोष फरार बताया जा रहा है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग दहशत में आ गए।

सूचना मिलते ही थाना भैरूंदा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल सीहोर रेफर किया गया। यहां से एक युवक को भोपाल के एम्स अस्पताल भेजा गया, जबकि दूसरे का उपचार सीहोर में जारी है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि फरार आरोपी की तलाश जारी है। भोपाल से पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।





#### खुलेआम शराबखोरी से बिगड़ रहा माहौल

घटना के बाद नगर के बीच संचालित शराब दुकान को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। मुख्य मार्ग और रिहायशी क्षेत्र के बीच स्थित इस दुकान पर दिनभर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां आए दिन विवाद और झगड़े होते रहते हैं, जिससे खासकर महिलाओं और छात्राओं को असुरक्षा का सामना करना पड़ता है।

शासन के नियमों के अनुसार शराब दुकानों के अहातों में बैठाकर शराब पिलाना प्रतिबंधित है और सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन भी नियम विरुद्ध है। इसके बावजूद दुकान परिसर और आसपास खुलेआम शराबखोरी जारी है। आसपास की दुकानों पर भी अवैध रूप से शराब परोसे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

#### नर्मदा परिक्रमा क्षेत्र में भी अवैध कारोबार

नर्मदा परिक्रमा पथ और तटों से 500 मीटर के दायरे में शराब बिक्री पर प्रतिबंध है, लेकिन यह नियम केवल कागजों तक सीमित नजर आ रहा है। तट, स्नान घाटों और परिक्रमा मार्ग के ढाबों पर खुलेआम अवैध शराब बिक रही है। पान मसाला दुकानों की आड़ में यह कारोबार फल-फूल रहा है, जिससे धार्मिक आस्था भी प्रभावित हो रही है।

#### मातृशक्ति की मांग अनसुनी

नगर की महिलाओं ने पूर्व में भी इस शराब दुकान को रिहायशी क्षेत्र से हटाने की मांग उठाई थी। उनका कहना है कि दुकान की लोकेशन मुख्य मार्ग और बाजार के बीच होने से रोजाना असहज स्थिति बनती है। नशे में धुत लोग राहगीरों से अभद्र व्यवहार करते हैं, जिससे भय का माहौल बना रहता है। ज्ञापन देने के बावजूद अब तक प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। ताजा घटना ने एक बार फिर जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया गया है। बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दोनों घायलों का इलाज पुलिस निगरानी में जारी है।

#### "कुंभकरण की नींद में जिम्मेदार"

नगर के बीचों-बीच संचालित यह शराब दुकान अब कानून-व्यवस्था के लिए खतरा बनती जा रही है। नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं। सवाल यह है कि क्या किसी बड़ी अनहोनी के बाद ही प्रशासन जागेगा या समय रहते सख्त कार्रवाई होगी?

---

# 24 घंटे में चोरी का खुलासाः घर की टीन हटाकर वारदात करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

### लाडकुई में हुई लाखों की चोरी का भैरुंदा पुलिस ने किया पर्दाफाश, चोरी गया पूरा सामान बरामद, एक आरोपी आदतन अपराधी

**भैरुंदा।** लाडकुई कस्बे में घर में घुसकर की गई चोरी की वारदात का भैरुंदा पुलिस ने महज 24 घंटे में खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया पूरा मशरूका भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक आदतन अपराधी भी शामिल है, जिसके खिलाफ पूर्व से चोरी के मामले दर्ज हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी श्याम सिंह ठाकुर निवासी लाडकुई ने 15 अप्रैल को थाना भैरुंदा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12-13 अप्रैल की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने उनके घर की टीन चद्दर हटाकर अंदर प्रवेश किया और दो गैस सिलेंडर (भारत गैस कंपनी), एक पीतल की बटलोई तथा लगभग 35-40 किलो वजनी पुश्तैनी पीतल का हंडा चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 1.07 लाख रुपए आंकी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला ने तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी और माल बरामदगी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी घनश्याम दांगी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने ग्रामवासियों से पूछताछ, तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की मदद से संदेहियों की पहचान की। सूचना के आधार पर कपिल कुमार गोयल, राहुल बनवारी और शिवराज वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जहां उन्होंने चोरी की वारदात कबूल कर ली। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के घर से चोरी गया पूरा सामान जब्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी राहुल बनवारी के खिलाफ पहले से चोरी के प्रकरण दर्ज हैं, जिसके चलते उसके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम दांगी, उपनिरीक्षक राजेश यादव, प्रधान आरक्षक महेंद्र सिंह, आरक्षक बसंत मीणा एवं प्रकाश नर्रे की विशेष भूमिका रही।

# सांदीपनि विद्यालय में जल संरक्षण पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित




**भैरूंदा।** शुक्रवार को नगर के सांदीपनि विद्यालय में "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत जल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए जल के महत्व, वर्तमान जल संकट और संरक्षण के उपायों पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल में लगभग 97 प्रतिशत खारा है, जबकि केवल 3 प्रतिशत ही मीठा जल है, जिसमें से बहुत कम हिस्सा ही मानव उपयोग के लिए सुलभ है। ऐसे में जल की प्रत्येक बूंद का संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। चेतावनी दी गई कि यदि अभी से ठोस प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महेश वर्मा ने वर्षा जल संचयन, जल का सीमित उपयोग और अपव्यय रोकने पर जोर दिया। पल्लवी यादव ने विद्यार्थियों से घर-घर जल बचत का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। बलवान सिंह सोलंकी ने कहा कि गिरते भूजल स्तर को देखते हुए जल स्रोतों के संरक्षण के साथ-साथ पौधारोपण भी अत्यंत आवश्यक है। राधिका भवरेटा एवं प्रीति चौहान ने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे उपाय जैसे नल खुला न छोड़ना, पानी का रिसाव ठीक कराना और जल का पुनः उपयोग करने पर बल दिया।

छात्रा कोमल जाट एवं इशिका बाँकरिया ने भी जल संरक्षण पर प्रेरक विचार प्रस्तुत कर सभी को जागरूक किया। कार्यक्रम में भारती देवलिया, मंजू वर्मा, सुनीता ठाकुर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी ने जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का वचन दिया।

# जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए विद्यार्थी ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में अनेक जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में भैरूंदा के शासकीय सांदीपनि स्कूल में प्रेरणादायक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में जल के महत्व, संरक्षण और भविष्य के लिए इसकी आवश्यकता पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर सभी ने जल एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

**जल संरक्षण के लिए निकाली गई जागरूकता रैली :** सीहोर के पीएम एक्सीलेंस कॉलेज एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय में अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर निबंध, भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई।

**एफटीके किट से पेयजल परीक्षण का दिया प्रशिक्षण :** अभियान के अंतर्गत पीएचई विभाग द्वारा ग्राम भील खेड़ी सड़क आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और आशा कार्यकर्ता को एफ़टीके किट के माध्यम से पेयजल परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया तथा पंप ऑपरेटर्स को वॉल्व वाइस योजना संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही पेयजल स्रोतों के आस पास साफ़ सफ़ाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

# युवाओं ने दिखाई प्रतिभा, नारा और पोस्टर निर्माण के साथ किया डॉ. अंबेडकर को याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर


युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था माय भारत सीहोर द्वारा हिताय सीहोर के सहयोग से उप निदेशक निक्की राठौर के निर्देशन में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सीहोर में किया गया। नारा लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता और संविधान की प्रस्तावना के वाचन के माध्यम से युवाओं ने अंबेडकर के योगदान और आदर्शों को अपनी प्रतिभा से कागज़ उकेरा।

हिताय के संचालक उमेश पंसारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रतियोगिताओं को संपन्न कराया, जिनका निर्णय महाविद्यालय के शिक्षकगणों द्वारा किया गया। नारा लेखन में प्रथम स्थान प्रीति, द्वितीय चांदनी एवं तृतीय स्थान संतोषी ने प्राप्त किया। साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता में निधि ने प्रथम, आस्था ने द्वितीय और अश्विनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त विजेताओं को प्रमाण पत्र तथा ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया और आभार प्रदर्शन कर महाविद्यालय को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा सहित पंकज जैन, स्मिता शर्मा, प्रकाश एवं अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### गौमाता के संरक्षण और संवर्धन के लिए 27 को गीता भवन में बैठक

# अपने पिता के वचन की रक्षा के लिए सारा राजपाठ त्यागकर वन में चले गएः महंत उद्धवदास महाराज





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भगवान श्रीराम ने अपने कुल की मर्यादा को ध्यान में रखकर व अपने पिता के वचन की रक्षा के लिए सारा राजपाठ त्यागकर वन में चले गए। इससे हमें सीख लेना चाहिए कि हमें स्वयं की चिंता न करते हुए यदि जरूरत पड़े तो अपने परिवार समाज व देश के लिए सब कुछ त्याग देना चाहिए। भगवान श्रीराम को मर्यादा श्रीराम कहा जाता है, उन्होंने मानव जाति के कल्याण के लिए आने मार्ग बताए है। उक्त विचार शहर के कंचन विहार विश्वनाथपुरी स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में जारी सात दिवसीय श्रीराम कथा में महंत उद्धवदास महाराज ने कहे। कथा के दौरान महाराज ने शबरी जी का प्रसंग एवं नवधा भक्ति की चर्चा की।

महंत उद्धवदास महाराज ने अपनी नौ दिवसीय श्रीराम कथा में अनेक प्रसंग बताते जिसमें भगवान श्री राम अपने भाई लक्ष्मण से कहते है कि हे भाई इस जगत में माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। तुम यहीं रहकर उनकी सेवा करो, लेकिन अंतत वे राम के ही साथ हो लिए। माता कैकेयी का भी अपने पुत्रों से प्रेम अथाह है, तभी तो राम जब अयोध्या लौटते हैं तो सबसे पहले माता कैकेयी के भवन मे जाते हैं। कैकेयी को भी सही दिशा नजर नहीं आती, उसकी वेदना के जल की थाह नहीं है। कैकेयी ऐसी स्थिति में है जहां राम वनगमन के समय खुशहाली की ओर जाने का रास्ता नजर नहीं आता, वह इससे न मुक्त हो रही है न झेल पा रही है। मां-बाप की अकारण अवहेलना ठीक नहीं, क्योंकि उनका स्नेह एवं दर्शन से जीवन हरा-भरा हो उठता है एवं बच्चों को वे उनके सरस जीवन स्नेह से सिंचित करते रहते हैं।

**कार्यालय अधिष्ठाता आर.ए.के. कृषि महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.)**

**कोटेशन सूचना**

**आर.ए. के कृषि महाविद्यालय सीहोर द्वितीय आमंत्रण**

**क्रमांक / वर्क-सेक्शन / 2026 / 107** — **सीहोर, दिनांक 17/4/26**

आर.ए.के. कृषि महाविद्यालय, सीहोर में परकोलेशन सह वॉटर हार्वेस्टिंग टैंक (तालाब) के निर्माण कार्य हेतु नीचे दर्शाये गये कार्यों हेतु कोटेशन दिनांक 27.04. 2026 समय सांय 5 बजे तक सील बंद लिफाफे में आमंत्रित किये जाते हैं:

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि |
|---|---|---|
| 1. | Providing Geo Membran (500 Micron 420 GSM) with transportation pond size 30 m.x 30 m x3.0 m | 2,50,000/- (जी.एस.टी सहित) |
| 2. | Providing Geotextile (250 GSM) with transportation pond size 30 m.x 30 m x3.0 m | 2,50,000/- (जी.एस.टी सहित) |
| 3. | Installation of Geo Membran (500 Micron 420 GSM) & Geotextile (250 GSM) on site pond size 30 m.x 30 m x3.0m | 2,50,000/- (जी.एस.टी सहित) |
| 4. | Pond finishing: Making shop corner, cleaning of sub grade soil chaining & planting and Excavation of filtration chamber pond size 30 m.x 30 m x3.0 m | 2,50,000/- (जी.एस.टी सहित) |

उपरोक्त कार्य की जानकारी हेतु आर.ए.के. कृषि महाविद्यालय, सीहोर में कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक कार्यालय, वर्कसेक्शन में संपर्क कर सकते हैं।

अधिष्ठाता
आर.ए.के. कृषि महाविद्यालय
सीहोर (म.प्र.)

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री बद्री प्रसाद राय आ. श्री नारायण प्रसाद राय निवासी 310, कलारपूरा कस्बा, सीहोर के स्वत्व व अधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम अवंतीपुरा तह. व जिला सीहोर जिसका खसरा क्र. 167(s) रकबा 0.2470 हैं. में से 0.61 डिसमिल जिसकी चतुर्थ सीमाएं इस प्रकार है पूर्व में रास्ता, दक्षिण में अन्य की भूमि,पश्चिम में मोर सिंह ,सूरज सिंह की भूमि,उत्तर में क्रेता की भूमि , उक्त भूमि को क्रय करने का अनुबंध पत्र निष्पादित कर राशि अदा कर दी गई है। जिसमे उनके पुत्रगण गौरव राय, रवि राय की भी सहमति है अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति विशेष, वित्तिय संस्थान या बैंक, सोसायटी, शासकीय निगम, शासकीय या अर्द्धशासकीय विभाग या निकाय अथवा किसी भी अन्य संस्थान को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर व्यक्तिगत रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित रूप में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त अवधि अवसान होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी। तथा मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के संबंध में अनुबंधपत्र निष्पादित कराये जाने हेतू स्वतंत्र होगा। अतः सर्वसाधारण को सूचित होवे।

भवदीय, **हिमांशु कटारे,**
एडवोकेट , इंग्लिशपूरा मैंने रोड
सीहोरमो. 9826883024

मेटरनिटी विंग के चिकित्सक का निजी अस्पताल से टाईअप प्रमुख वजह

# मेटरनिटी विंग से निजी अस्पतालों के लिए रेफर की जा रहीं प्रसूताएं

### क्षेत्रीय विधायक ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल की मेटरनिटी विंग से पिछले तीन माहों में कई डिलेवरी केस बाहर के अस्पतालों में रेफर किए जा चुके हैं। अस्पताल के रिकार्ड में भले ही इन डिलेवरी केसेज को हमीदिया अस्पताल दर्शाया जाता है लेकिन यहां से रेफर होने के उपरान्त अधिकांश प्रसूती मामलों की डिलवरी राजगढ़ बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में हो रही है। बताया जा रहा है कि प्रसूति विंग के एक चिकित्सक का टाईअप उक्त निजी अस्पताल से है। यही वजह है कि कुछ नर्सों द्वारा प्रसूताओं के परिजनों को उक्त अस्पताल में सीजर करवाने के लिए बाध्य किया जाता है। चूंकि, संबंधित प्रसूताओं के परिजन भी नहीं चाहते कि इंदौर या भोपाल जाकर सीजर करवाया जाए क्योंकि न इससे केवल उन्हें 50 से 60 हजार रुपए खर्च करने होंगे वहीं समय भी काफी लग जाएगा। ऐसे में राजगढ़ के ही निजी अस्पताल में सीजर की सुविधा मिलने के चलते संबंधित प्रसूता के परिजन निजी अस्पताल में ही सीजर करवा रहे हैं।




### नार्मल केसेज भी इसलिए किए जा रहे रेफर

आपको बतादें कि जिला अस्पताल की प्रसूती विंग से रेफर कई नार्मल केसेज को नवजात के पेट में उल्टा होने सहित ऐसे ही अन्य कारण बताकर इतना भयभीत कर किया जा रहा है कि वे मजबूरन उन्हें बाहर ले जाने या राजगढ़ के ही उक्त निजी अस्पताल में सीजर करवाने के लिए बाध्य हो जाते हैं। सूत्रों के अनुसार जिला अस्पताल के चिकित्सक का बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल से टाइअप है। हालांकि, कार्यवाही से बचने दस्तावेजों में उनका नाम सम्मिलित नहीं है। परन्तु हरिभूमि के पास कई ऐसे वीडियो उपलब्ध है जिनमें प्रसूति विंग के उक्त डॉक्टर निजी अस्पताल में आते हैं और गंभीर बताकर रेफर किया गया है। पूर्व में कई ऐसे मामले सामने आए जिनमें गंभीर मामलों में भी संबंधित प्रसूता की नार्मल डिलवरी की गई। दरअसल, प्रसूताओं के परिजनों को हाई बीपी, जिला अस्पताल से रेफर प्रसूता के सीजर में मदद करते हैं।

### बदला गया था विंग का पूरा स्टाफ

करीब तीन वर्ष पूर्व मेटरनिटी विंग के स्टाफ द्वारा प्रसूताओं और उनके परिजनों से की जाने वाली पैसों की मांग के चलते तत्कालीन कलेक्टर डॉ. हर्ष दीक्षित ने पूरे स्टाफ को बदल दिया था। उसके बाद कुछ दिन हालात सुधरे लेकिन अब वापस से इस विंग से रुपयों, पैसे लिए जाने की शिकायतें सामने आने लगी हैं।

### इनका कहना है

जिला अस्पताल का ढर्रा बिगड़ा हुआ है। सीएमएचओ और सिविल सर्जन मनमानी में लगे हुए हैं। प्रसूताओं को निजी अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। अधिकारियों की मनमानी और डिलेवरी मामलों को लेकर मैंने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत की है।

**अमरसिंह यादव**, विधायक, राजगढ़

# पूरे जिले में आरंभ हुआ स्व-गणना कार्य
## 31 मई तक चलेगा जनगणना कार्यक्रम

आमजन घर बैठे अपने मोबाइल से कर सकते हैं स्व-गणना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भारत सरकार द्वारा पूरे देश में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का कार्य आरंभ किया जा चुका है। इसी कड़ी में कल 16 अप्रेल से स्व-गणना आरंभ हुई है। यह कार्य आगामी 30 अप्रेल तक चलेगा एवं इसके उपरान्त 1 मई से 31 मई तक मकान सूचीकरण कार्य आरंभ होगा। कल से आरंभ हुए स्व-गणना कार्य को कोई भी आमजन घर बैठे अपने मोबाइल से पूर्ण कर सकता है। यहां घबराने की बात बिल्कुल नहीं है क्योंकि अगर आपके हाथ से कुछ गलत फिल हो जाता है तो घर-घर आने वाले प्रगणक जानकारी की पुष्टि करेंगे। स्व-गणना के पहले दिवस कई आमजनों सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा घर बैठे स्व-गणना करते हुए एसई आईडी प्राप्त की गई। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर ज्योति राजौरे ने आमजनों से अपील की है कि स्व-गणना कार्य में सहयोग प्रदान करें।

### ऐसे कर पाएंगे स्व-गणना

स्व-गणना के लिए आपको आधिकारिक पोर्टल एसई डॉट सेन्सस डॉट जीओवी डॉट इन पर जाना होगा। साइट खुलने पर अपने मोबाइल नंबर से ओटीपी द्वारा लॉग इन करना होगा। इसके उपरान्त डिजिटल मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित करें। मकान एवं परिवार से संबंधित जानकारी भरें। सबमिशन के बाद आपको एसई आईडी मिलेगी। इस आईडी का स्क्रीन शॉट लेकर सुरक्षित रखें या यह आईडी आपको मेसेज या ई-मेल के द्वारा भी सबमिशन के तुरंत बाद भेजी जाएगी। प्रगणक आपके घर आएंगे तब उन्हें यह एसई आईडी प्रदान करें। इसके उपरान्त प्रगणक जानकारी की पुष्टि करेंगे।

## एडवांस्ड किड्स एकेडमी ने रचा इतिहास कक्षा 10वीं में 100% रहा परीक्षा परिणाम



**जीरापुर।** एडवांस्ड किड्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा (कक्षा 10वीं) में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम रहा। विद्यालय के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए , गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था एवं शिक्षकों की कड़ी मेहनत का यह परिणाम है। विद्यालय में सबसे सर्वाधिक 94.2 प्रतिशत अंक अंजलि दांगी ने प्राप्त कर विधालय में प्रथम स्थान हासिल किया। यश्वी गुप्ता (93ः), पियूष मोदी (92.8ः), हरिओम राठौर (91.6ः), सत्यनारायण राठौर (89.8ः) चंचल गुप्ता (89.6ः) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय को गोरवान्वित किया। प्राचार्य एवं प्रबंधन समिति ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा समस्त शिक्षकों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। शैक्षणिक क्षेत्र में विधालय निरंतर सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

## महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, 12वीं में शिवम के 96%



**जीरापुर।** महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र शिवम गिरी ने कक्षा 12वीं में जिले की मेरिट सूची में सर्वाधिक 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शिवम गिरी की इस बेहतरीन उपलब्धि पर संस्था की ओर से उसके पिता एवं छात्र को विधालय मे फूल माला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था के सदस्यों ने और मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। संस्था की ओर से छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है! छात्र ने बताया कि मेरे विधालय के शिक्षकों ने जो अच्छी पढ़ाई कराई उसी का परिणाम है साथ ही मेरे परिवार ने शैक्षणिक कार्य में हमेशा सहयोग किया। विद्यालय में संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार , प्राचार्य दिनेश गुर्जर , डायरेक्टर शिव दांगी , कृपाल सिंह सोलंकी , अंकुश भावसार, जितेंद्र गुप्ता ,डा. बीएल गुर्जर ने उपस्थित होकर छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की!

## मेहनत और लगन से हासिल की सफलता विद्यालय और परिवार में खुशी की लहर



**खुजनेर।** पालीवाल पब्लिक हाई स्कूल ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नगर का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा जिया पिता राजेष गुप्ता ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान हासिल किया। जिया ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से परिवार, विद्यालय और पूरे नगर में खुशी का माहौल है। प्राचार्य धर्मेंद्र व्यास ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणामों की उम्मीद जताई है।

## विजया कॉन्वेंट स्कूल का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम मोहित नरबान ने जिले में टॉप किया



**जीरापुर।** विजया कॉन्वेंट स्कूल सीबीएसई कक्षा10वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे नगर और जिले का नाम रोशन किया। छात्र मोहित सिंह नरबान ने सर्वाधिक अंक 97.8ः प्राप्त कर जिला स्तर की टॉप सूची में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में खुशी रही। विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में अरविंद राठौर 97.2ः , शिवांश भावसार 96.6ः , आकांक्षा शर्मा 96.2ः , गिरिराज सिंह नरबान 95.8ः , यथार्थ शर्मा 95.4ः , चहल मित्तल94ः , उर्वशी गुप्ता 92.4ः , अक्षिता गुप्ता 91.6ः , आयुध पुष्पद 90.4ः , मीरा शर्मा 90ः , सारांश गुप्ता 90ः रहे।विद्यालय मैनेजर जोस कण्डूर, प्राचार्य बेबी पाथ्रोस, उप-प्राचार्य रवि राठौर, प्रो. मोहमद कुरैशी, शिक्षक जीतू , हेडमिस्ट्रेस मौली सहित समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सीबीएसई के जिला को-ऑर्डिनेटर ने साझा की जानकारी

# द्वितीय परीक्षा प्रणाली: कक्षा 10वीं के विद्यार्थी किन्हीं तीन विषयों की पुनः परीक्षा दे सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड(सीबीएसई) द्वारा बुधवार शाम कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। सीबीएसई से संबद्ध जिले के कुल 25 स्कूलों को मिलाकर 96.4 प्रतिशत परिणाम रहा है।

सीबीएसई डिस्ट्रिक को-ऑर्डिनेटर ए. साहा ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 10वीं की परीक्षा में लगभग 1600 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। उन्होंने बोर्ड द्वारा पूर्व में घोषित द्वितीय परीक्षा प्रणाली के संबंध में बताया कि इसके तहत विद्यार्थी यदि चाहें तो तीन विषयों में पुनः परीक्षा दे सकते हैं। इसके लिए



विद्यार्थियों को अपने संबंधित विद्यालय में 3 दिवस के भीतर सूचना देना अनिवार्य होगा। विद्यार्थी विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों का चयन कर सकते हैं। द्वितीय बोर्ड परीक्षा का पाठ्यक्रम मुख्य परीक्षा के समान ही रहेगा। यदि कोई विद्यार्थी द्वितीय बोर्ड परीक्षा हेतु आवेदन करता है, परंतु परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाता है, तो ऐसी स्थिति में वर्तमान घोषित परीक्षा परिणाम को ही मान्य माना जाएगा। जो विद्यार्थी अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं, वे इस अवसर का लाभ ले सकते हैं।

### जिले की मेरिट सूची में इन्होंने पाया स्थान

जिले की मेरिट सूची में स्थान पाने वाले बच्चों में श्यामसुंदर गुप्ता 97.8 प्रतिशत स्वामी विवेकानंद स्कूल राजगढ़, दीपिका सिसोदिया 97.8 मास्टरमाइंड स्कूल, सारंगपुर, मोहित सिंह नरबन 97.8 विजय कॉन्वेंट स्कूल, आदित्य कुमार 96.8 ज्योति कॉन्वेंट स्कूल, अदिति निगम 96.2 केंद्रीय विद्यालय राजगढ़, अथर्व नागर 96.2 प्रोविडेंस कॉन्वेंट स्कूल, सुदिति यादव 96 प्रज्ञा सागर स्कूल नरसिंहगढ़, अभिनव सेन 96 प्रतिशत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, अद्या शर्मा 96 प्रतिशत सेंट जोसेफ स्कूल नरसिंहगढ़ शामिल हैं।

# कमला बस ने मार दी किसान को टक्कर, 500 मीटर घसीटा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गुरुवार सुबह सब्जी मंडी जा रहे एक किसान को तेज रफ्तार कमला बस ने टक्कर मार दी। जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 16 तलेनी निवासी गोरीलाल भिलाला 50 वर्ष गुरुवार सुबह अपने घर से साइकिल पर सब्जी मंडी जा रहे थे। इसी दौरान सारंगपुर-पाडल्या रोड के सामने पुराने एबी रोड पर इंदौर से गुना की ओर जा रही कमला बस ने टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर के बाद बस चालक ने वाहन नहीं रोका और गोरीलाल को लगभग 500 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। बाद में बस को थाने के सामने खड़ा कर दिया गया। इस हादसे में गोरीलाल भिलाला गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के दौरान उनकी साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और सब्जियां सड़क पर बिखर गईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# पक्षियों को बचाने एनएसयूआई के कार्यकर्ता पेड़ों पर बांध रहे सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भीषण गर्मी में बैजुबान पक्षी प्यासे न रहें इसके लिए विभिन्न सामाजिक व राजनैतिक संगठनों द्वारा पेड़ों सहित अन्य अनुकूल स्थानों पर सकोरों(जलपात्र) बांधे जा रहे हैं।

इसी कड़ी में अखिल भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ(एनएसयूआई) द्वारा भी पक्षी जल सेवा अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज, शासकीय दफ्तरों, धार्मिक स्थलों पर पक्षियों के लिए पानी के सकारे लगाने का कार्य करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में एनएसयूआई पदाधिकारी जगमोहन वर्मा के नेतृत्व में कई कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुवार को स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में पाने की सकोरे बांधे गए। इसके साथ ही कॉलेज के प्रोफेसर सहित अन्य कर्मचारियों को इन सकोरों में प्रतिदिन पानी भरने का संकल्प



दिलवाया गया। एनएसयूआई ने संगटन के कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से अपील की है कि वे भी अपने घर, दुकान या आसपास एक सकोरों रखकर बैजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने में अपना योगदान दें।

कालीसिंध किनारे कहासुनी के बाद हो गई झड़प

# पुरानी रंजिश में दो पक्ष भिड़े, क्रॉस केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर में बुधवार रात्रि को पुरानी रंजिश के चलते एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किला गेट निवासी सज्जाद अली की शिकायत पर शकील पिता शहजाद, अमन पिता शकील, मुन्ना पिता शकील, दानिश पिता रईस, गोलू पिता रशीद, रेहान पिता इमरान, इमरान पिता रशीद, शकील पिता शब्बीर और जॉकी के खिलाफ अपराध क्रमांक 309 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष से मोइन अली की रिपोर्ट पर सज्जाद अली पिता सलीम, शादाब पिता



सलीम और अब्दुल मलिक पिता गफ्फार अली के विरुद्ध भी अपराध क्रमांक 310 के तहत संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।

बताया जा रहा है कि यह विवाद पुरानी आपसी रंजिश के चलते हुआ, जो कालीसिंध नदी किनारे अचानक बढ़ गया और दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद झड़प हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है तथा पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद तथ्य सामने आने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# पटवा कल्याण बोर्ड गठन की मांग मंत्री टैटवाल को सौंपा ज्ञापन

**सारंगपुर।** गुरुवार को राज्य मंत्री गौतम टैटवाल के गृह निवास 'सेवा सदन' सारंगपुर में अखिल भारतीय श्री पटवा वैश्य महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर 'पटवा कल्याण बोर्ड' के गठन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह



प्रतिनिधिमंडल समाजसेवी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता राजेन्द्र पटवा के नेतृत्व में पहुंचा। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने मंत्री का पुष्पहार पहनाकर एवं भाजपा की पट्टिका भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष श्रीकांत पटवा (इंदौर), राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चंद्रकांत पटवा (जबलपुर), प्रदेश महामंत्री मदनगोपाल पटवा (बनखेड़ी-पिपरिया) तथा नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष व मंगल भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश पटेल (पटवा) सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने अपने आधिकारिक लेटर पैड के माध्यम से वर्तमान में संचालित सामाजिक गतिविधियों और उत्थान कार्यों की जानकारी दी। चर्चा का मुख्य विषय पटवा समाज के समग्र विकास के लिए एक समर्पित 'कल्याण बोर्ड' की स्थापना रहा। मंत्री गौतम टेटवाल ने समाज की सराहना करते हुए कहा कि पटवा समाज मेहनती एवं ईमानदार है और राष्ट्र निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

परंपरागत जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन में लाने के लिए प्रयास तेज

# साथी हाथ बढ़ाना... 51 बावड़ियों में शुरू हुआ श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के तहत प्रशासन द्वारा जिले के परंपरागत जल-स्त्रोतों के संरक्षण एवं उन्हें पुर्नजीवित करने के प्रयास तेजी से किए जा रह हैं। इसी कड़ी में राजगढ़ सहित विभिन्न जनपद क्षेत्रों में स्थित कुल 51 बावड़ाियां चिन्हित की गई हैं जहां साफ-सफाई, मरम्मत, पुताई सहित अन्य आवश्यक सुधार कार्य करवाए जा रहे हैं।

उक्त कार्य में न केवल स्थानीय ग्रामीणों, आमजनों, लोकसेवकों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन के मैदानी अमले सहित जागरुकजनों का सहयोग भी लिया जा रहा है। राजगढ़ जनपद में 9 बावड़ियां चिन्हित की गई हैं। कुछ बावड़ियों के कार्य पूर्ण हो चुकी हैं वहीं अन्य के कार्य अंतिम चरण में चल रहे हैं। खिलचीपुर की



08 बावड़ियों में ग्राम स्तर पर जनसहभागिता के साथ पुताई, श्रमदान व सफाई कार्य जारी है। इसी तरह नरसिंहगढ़ जनपद में चिन्हित 15 बावड़ियों में से 12 में कार्य प्रगति पर है एवं 03 बावड़ियों में कार्य आवश्यक नहीं पाया गया। जीरापुर जनपद में 02 बावड़ियों, सारंगपुर जनपद में 05 बावड़ियों में साफ-सफाई व अन्य कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं वहीं शेष में रिपेयरिंग व सुधार कार्य जारी है।

### ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रहे जल

इस अभियान की प्रमुख विशेषता जिले में भू-जल स्तर में बढ़ोतरी के साथ ही भू-जल पुनर्भरण, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण है। इसके साथ ही परम्परागत जल-स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना भी मुख्य उद्धेष्य है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने जिले के आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने क्षेत्र की बावड़ियों के संरक्षण में सहयोग प्रदान करें ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सके।

**खबर संक्षेप**

## प्रियंका बामनिया ने कक्षा 12वीं में 87 प्रतिशत अंक बनाए



जावर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहतवाड़ा संकूल केन्द्र मेहतवाड़ा की छात्रा प्रियंका बामनिया पिता सतीश बामनिया ग्राम कजलास की छात्रा ने वर्ष 2025 26 के हायर सेकेंडरी कक्षा 12वीं में 500 में से 435 अंक एवं 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहतवाड़ा स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया छात्रा की इस उपलब्धि पर प्राचार्य अनार सिंह ठाकुर,भंवर सिंह ठाकुर ,सूर्यकांत शर्मा, अजीज मंसूरी ,रणजीत सिंह मालवीय, राजेंद्र ठाकुर ,गिरीश विश्वकर्मा, सुरेश राठौड़, राम चरण ,सोबाल ठाकुर, कमलेश खत्री ,हीरालाल मालवीय, धन सिंह सिसोदिया, विमल कुमार ,अंबाराम ,कमल सिंह पवार ,इमरान मंसूरी ,ग्राम पंचायत के सरपंच बाबूलाल जाटव ,सुभाष बामनिया ,सतीश बामनिया एवं समस्त स्टाफ के शिक्षको ने बधाई दी।

## 15 वर्षीय बालिका को दस्तयाब कर आरोपी को किया गिरफ्तार




**आष्टा।** दिनांक 21.03.2026 को सूचनाकर्ता द्वारा थाना आष्टा में उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर थाना आष्टा में अपराध क्रमांक 164/2026, धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में अपहृता की तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ग्राम दिवटिया थाना नूरगंज स्थित राजकुमार प्रजापति के ईंट भट्टे से नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। जो आरोपी मोहन सूर्यवंशी पिता गोवर्धन सूर्यवंशी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बोलाई थाना अकोदिया मंडी जिला शाजापुर के द्वारा ही नाबालिक का अपहरण किया जाना पाया जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक प्रक्रिया पश्चात प्रकरण मे अन्य बीएनएस धाराओं व पाकसो act का ईजाफा किया जाकर माननीय न्यायालय आष्टा के समक्ष पेश किया गया। अपहर्ता ने अपने कथनों में आरोपी मोहन द्वारा ही उसे बहला फुसला कर ले जाना बताया ओर नूरगंज रायसेन में ईंट भट्टे पर मजदूरी कर वहीं बनी टपरिया में रखना बताया है।

### महिलाओं को वितरित किए हितलाभ, भीलखेड़ी सड़क का विधायक ने 15 लाख से बनने वाले सीसी रोड का किया भूमिपूजन

# केंद्र और मप्र में आपकी सरकार है, इसलिए हर ग्राम व नगर का होगा संपूर्ण विकास: गोपालसिंह

**क्षेत्र के सभी ग्रामों में साफ, सफाई स्वच्छ पानी प्रत्येक नागरिक को मिले इसके लिए 14 सो करोड़ की जल जीवन मिशन के द्वारा हर घर को नल से जल योजना प्रगतिरत है ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/कोठरी





केन्द्र ,राज्य और ग्राम में ट्रिपल इंजन की सरकार के होते हुए आप सब विकास की चिंता ना करे,आपका विधायक गओपलसिंह इंजीनियर आष्टा से लेकर भोपाल तक ओर जरूरत पड़ी तो दिल्ली तक प्रयास करेगा और विकास की सौगातें लायेंगे । अभी 12 अप्रेल को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने आष्टा को 200 करोड़ के विकास कार्यो की सौगात दी और मंच से करोड़ो के विकास कार्यो की घोषणा की । इस लिये आपकी सरकार के होते हुए विकास की चिंता ना करे,हर ग्राम,नगर का सम्पूर्ण विकास होगा । उक्त उदगार ग्राम भीलखेड़ी सड़क ग्राम में 15 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहे ।

ग्राम पहुचने पर ग्रामीणों ने ढोल ढमाकों के साथ विधायक की भव्य अगवानी कर स्वागत किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की आज का दिन महिलाओं के नाम है क्योंकि आज देश की आधी आबादी को लोकसभा,विधानसभाओं में 33% आरक्षण महिलाओं को मिले को लेकर लोकसभा में बिल प्रस्तुत हुआ है । इसके पहले पंचायतों,नगरीय निकायों में महिलाओं को 50% आरक्षण दिया गया था उसी का परिणाम है कि आज ग्रसम पंचायत भीलखेड़ी की सरपंच सविता किशोर चिंतामण है । विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के नेतृत्व में आष्टा को लगातार विकास की सौगातें मिल रही हैं। मुख्यमंत्री जी ने 200 करोड़ के विकास कार्यो के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर सौगातें दी,आष्टा जावर को नवीन सांदीपनि विद्यालय मिले,कोठरी को भी मिलेगा । प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सबका साथ,सबका विकास,सबका विश्वास के साथ मप्र 2047 तक विकसित भारत एवं विकसित मप्र के लक्ष्य को लेकर लगातार आगे बढ़ रहा है,लगभग ढाई वर्ष से अधिक के कार्यकाल में आष्टा विधानसभा क्षेत्र में करोड़ के विकास कार्य हुए है। क्षेत्र के सभी ग्रामो में साफ,स्वच्छ पानी प्रत्येक नागरिक को मिले इसके लिये क्षेत्र में 14 सो करोड़ की जल जीवन मिशन के द्वारा हर घर को नल से जल योजना प्रगति पर है । इससे 283 ग्राम लाभांवित होंगे । कोठरी में अमृत-2.0 के तहत कोठरी में 1 करोड़ 14 लाख की लानत से पेयजल योजना का भूमिपूजन हो गया है,कोठरी का जल संकट भी जल्द दूर होगा । आपने किया है,इससे कोठरी का जल संकट हल होगा नगर परिषद जावर में अमृत-2.0 के तहत आज करीब 03 करोड़ की लानत से आज आपके द्वारा भूमिपूजन किया है,इससे जावर के विकास को गति मिलेगी । जल्द ही आपको नर्मदा मैय्या का जल भी उपलब्ध कराएंगे फिर आपको नेमावर जाने की जरूरत नही होगी यही नर्मदा स्नान हो जायेगा ।

सिंचाई के क्षेत्र में वृध्दि को लेकर क्षेत्र को नर्मदा पार्वती लिंक योजना जो कि ढाई सौ करोड़ की है का कार्य अंतिम चरण में है इस ही वर्ष के अंत तक हर खेत तक नर्मदा का पानी पहुचे ये लक्ष्य है । इससे क्षेत्र में एक लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई का रकबा बढेगा,किसानों की आय में वृध्दि होगी,किसान भाई फिर दो की जगह तीन फसल पैदा कर अपनी आय में वृध्दि करेगा । क्षेत्र हरा भरा होगा । इस योजना से लगभग 268 ग्राम लाभान्वित होंगे । विधायक ने कहा की विधायक निधि से करीब 100 ग्राम पंचायतों में टैंकर दिये है,शेष को भी जल्द देंगे नई बनी पंचायतों में पंचायत भवन स्वीकृत हुए है एवं ग्रामो में मांगलिक भवन स्वीकृति प्राप्त हो गई है । दो वर्ष में विधायक निधि 5 करोड़ से पूरे विधानसभा क्षेत्र में नागरिको की मांग पर विकास के कार्य कराये गये है ।

कार्यक्रम में मंडल कोठरी के अध्यक्ष देवजी पटेल,कोठरी नप के अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति,जनपद सदस्य कैलाश पटेल,सरपंच सविता किशोर चिंतामण,भगवानसिंह,लखन भाई,राधेश्याम जी,कमल बागवान,कुमेर भैय्या,सहित सभी जनप्रतिनिधि उपस्तिथ रहे ।

# डंपरों की लगातार आवाजाही के कारण निर्मित हो रही जाम लगने जैसी स्थिति



**अहमदपुर/दोराह ।** अहमदपुर बाजार में इन दिनों मुरम से भरे डंपरों की लगातार आवाजाही के कारण जाम जैसी स्थिति निर्मित हो रही है। शादी-विवाह के सीजन में बाजार में बढ़ी भीड़ के बीच भारी वाहनों के प्रवेश से आमजन, व्यापारी और ग्राहकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मुख्य बाजार मार्ग से होकर गुजरने वाले इन डंपरों के चलते यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। संकरी सड़कों और भीड़भाड़ के बीच जब बड़े वाहन निकलते हैं, तो राहगीरों को काफी दिक्कत होती है। कई बार स्थिति ऐसी बन जाती है कि लोगों को लंबे समय तक जाम में फंसे रहना पड़ता है। हालांकि अहमदपुर में बाईपास मार्ग की सुविधा उपलब्ध है, इसके बावजूद भारी वाहन बाजार के बीच से ही गुजर रहे हैं। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि शादी-विवाह के मौसम में बाजार में भीड़ अधिक रहती है, ऐसे में डंपरों की आवाजाही समस्या को और बढ़ा रही है। व्यापारियों का कहना है कि जाम के कारण ग्राहक बाजार आने से भी कतराने लगे हैं, जिससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है।

### बाजार से निकलते हैं प्रतिदिन मुरम कोपरे से भरे हुए डंपर

अहमदपुर बाजार में रात हो या दिन प्रतिदिन मुरम और कोपरे से भरे हुए डम्फर निकलते हैं इन्हें रोकने और टोकने वाला कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है कहां से यह डंपर आते हैं और कहां यह जाते हैं प्रतिदिन इन डंपरों की वजह से रात हो या दिन बाजार में हालात बिगड़ते नजर आते हैं। मुकेश गुप्ता सहित कई स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि भारी वाहनों की आवाजाही को बाईपास मार्ग की ओर मोड़ा जाए और बाजार क्षेत्र में सख्ती से प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके। एसआई पुष्पेंद्र सिंह यादव ने बताया कि शीघ्र ही बाजार की व्यवस्था को दुरुस्त कराया जाएगा बाईपास के पास एक बैनर लगवा दिया जाएगा, बाजार के बाहर से सूचना बोर्ड लगा दिया जाएगा और भारी वाहनों को बाईपास पर डायवर्सन किया जाएगा रोड वालों को बुलाकर बात करेंगे एक जगह नाली डिस्टर्ब है उनसे बोलकर शीघ्र ही उसको सही करने का बोलते हैं डायवर्सन का बोर्ड जल्दी ही लगाया जाएगा इससे बाजार में भारी वाहन प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

## वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी लीलाधर व वरिष्ठ समाजसेवी हीरालाल के निधन पर पूर्व नपाध्यक्ष ने व्यक्त की





**आष्टा।** नगर के वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी एवं समाजसेवी स्वर्गीय लीलाधर वशिष्ठ एवं नगर के वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय हीरालाल मेवाड़ा के दुःखद निधन पर नगर में शोक की लहर है। इस दुःखद अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने आज उनके निज निवास पहुंचकर दोनो शोकाकुल परिवार जिसमे सर्वप्रथम स्व लीलाधर वशिष्ठ के सुपुत्र संतोष वशिष्ठ सतीश वशिष्ठ एवं सुनील वशिष्ठ से भेंट की। तत्पश्चात स्वर्गीय हीरालाल मेवाड़ा के निवास पर उनके सुपुत्र युवा नेता राजा मेवाड़ा एवं परिजनों से भेंट कर उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर संवेदना प्रकट की। पूर्व नपाध्यक्ष परमार ने स्व वशिष्ठ एवं स्व हीरालाल मेवाड़ा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान परमार ने कहा कि स्वर्गीय लीलाधर वशिष्ठ एवं हीरालाल मेवाड़ा का जीवन लोकतंत्र और सामाजिक मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओ को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और दोनो परिवार को यह असीम दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। इसमें सकल समाज के अध्यक्ष पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाह, वरिष्ठ समाजसेवी संजय जैन किला युवा समाजसेवी अर्जुन सिंह अजय उपस्थित रहे।

## अभी तक 203 में 183 शिकायतों का हुआ निराकरण

**सीहोर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा सीहोर जिले में पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता को एफटी के किट के माध्यम से पेयजल परीक्षण और पंप ऑपरेटर्स को योजना के संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही पेयजल स्त्रोतों के आस-पास सफाई रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए स्थापित कंट्रोल रूम में 203 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से लगभग 183 शिकायतों का त्वरित एवं सम्यक निराकरण किया जा चुका है। सीहोर जिले में विभिन्न विकास खण्डों में 15 नलकूपों की सफाई का कार्य पूर्ण कराया गया है। विगत 01 माह मे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित लगभग 58 हैंडपंपों में नए राइजर पाइप बढाकर हैंडपंपों को चालू किया गया है। इसके साथ ही ऐसे हैंडपंप जिनका जल स्तर कम होने के कारण आंशिक रूप से क्रियाशील थे, उनमें 26 सिंगल फेज मोटर पंप डालकर सुचारू पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की गई है।


## आचार्य विद्यासागर संयम कीर्ति स्तंभ का भूमिपूजन समारोह 19 को होगा

**आष्टा।** दिगम्बर जैन आचार्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज संयम कीर्ति स्तम्भ का भूमि पूजन समारोह परम पूज्य मुनि श्री संस्कार सागर जी महाराज ससंघ व ब्रम्हचारी श्रीपाल भैया के निर्देशन में कल दिनांक 19 अप्रैल रविवार को प्रातः 8 बजे से रखा गया है। दिगम्बर जैन पंचायत समिति के श्री शरद जैन ने बताया कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के संयम स्वर्ण अवसर पर देश भर में कीर्ति स्थम्भ का निर्माण किया गया है। उसी के अनूरूप पूज्य गुरुजनों के आशीर्वाद व प्रेरणा से नगर पालिका परिषद आष्टा के सहयोग से कीर्ति स्थम्भ निर्माण हेतु रेस्ट हाउस चौराहा अरिहन्तपुरम में जगह आवंटित की गई है विशाल कीर्ति स्थम्भ के निर्माण के पुण्यार्थीगण स्व निर्मल कुमार गुलाब बाई बड़जात्या की पुण्य स्मृति में मंनोज कुमार मनीष कुमार मुकेश कुमार बड़जातया परिवार है वही नगर पालिका के सहयोग से पांडुकशिला सौंदर्यीकरण कार्य भी प्रगति पर है जिसका भूमि पूजन का भव्य आयोजन परम पूज्य मुनि श्री संस्कार सागर महाराज व क्षुल्लक कमल सागर महाराज व ब्रम्हचारी श्रीपाल भैया के निर्देशन में दिनांक 19 अप्रैल रविवार को प्रातः 8 बजे से पांडुकशिला स्थल पार्वती नदी तट पर रखा गया है।

### युवा सम्मेलन के दूसरे दिन संत माधवदास महाराज ने किया संबोधित, हम सत्संग जरूर करें

# धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ या कर्मकांड नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की अनोखी कला:संत माधवदास महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



युवा शक्ति का धर्म के मार्ग पर चलना राष्ट्र और समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ या कर्मकांड नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की कला है, जो अनुशासन, नैतिकता, सत्य और कर्तव्यपरायणता सिखाती है। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में पहुंचे प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर के संत माधवदास महाराज ने यहां पर मौजूद युवाओं को युवा सम्मेलन के दूसरे दिन संबोधित किया। इस मौके पर एक प्रयास एनजीओ की ओर से सन्नी सरदार, रजत मुंदडा, पंडित कुणाल व्यास आदि ने भी संबोधित किया।

### समाज सेवा मनुष्य का सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य

संत माधव महाराज ने कहाकि मनुष्य को समाज की सेवा करनी चाहिए। वास्तव में, समाज सेवा मनुष्य का सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य है। इससे मनुष्य को दैवीय शक्ति प्राप्त होती है। समाज सेवा वास्तव में ईश्वर की सेवा है। मनुष्य का अस्तित्व किसके लिए है, समाज के लिए। इसी प्रकार, समाज का अस्तित्व सृष्टि के लिए है। यही संपूर्ण सृष्टि का आधार है। सृष्टि ईश्वर की अभिव्यक्ति है। मनुष्य का उसमें एक अद्वितीय स्थान है। लेकिन यदि मनुष्य पशुओं और पक्षियों की तरह व्यवहार करे तो उसका क्या लाभ, इसलिए भगवान का नाम और सत्संग आदि करना चाहिए।

### इस दुनिया को सही राह पर लाने का काम भी युवाओं का ही

उन्होंने कहाकि इस दुनिया की रक्षा करने की क्षमता केवल युवाओं में है। इस दुनिया को सही राह पर लाने का काम भी युवाओं का ही है। युवाओं के बिना कोई भी राष्ट्र खड़ा नहीं रह सकता। कभी-कभी बड़े-बुजुर्ग युवाओं की क्षमताओं को कम आंकते हैं, यह सोचकर कि वे अनुभवहीन और युवा हैं। लेकिन युवाओं में अपार शक्ति समाहित है। यदि वे दृढ़ निश्चय कर लें, तो वे कुछ भी हासिल कर सकते हैं। यदि वे अपनी शक्ति को पहचान लें, तो वे राष्ट्र को मुक्ति दिला सकते हैं। इसके लिए किसी शिक्षा की आवश्यकता नहीं है।

## शिविर लगाकर 85 दिव्यांगजनों को ऑन द स्पॉट प्रदान किए गए सहायक उपकरण व कृत्रिम अंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सामाजिक न्याय विभाग द्वारा एडिप योजना के अंतर्गत आष्टा जनपद कार्यालय में सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कर ऑन द स्पॉट 85 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। शिविर में 11 दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड भी बनाए गए। इस अवसर पर आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, सोनू गुणवान एवं गजराज सिंह, राय सिंह मेवाडा, अंजनी चौरसिया द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान किए। इस अवसर पर अंकिता ठाकुर सहित डीडीआरसी के कर्मचारी उपस्थित थे।